Headline: NSE group co to launch 5 new indices tweaks selection norms	
Source: Business Standard-Hindi	**Date:** 23 February 2016

निफ्टी 50 से वेदांत, केयर्न और पीएनबी बाहर

बीएस संवाददाता
मुंबई, 22 फरवरी

एनएसई समूह की कंपनी आईआईएसएल ने केयर्न इंडिया, पंजाब नैशनल बैंक और वेदांत के बदले अरविंदो फार्मा, भारती इन्फ्राटेल, आयशर मोटर्स और टाटा मोटर्स डीवीआर को निफ्टी-50 सूचकांक में जगह दी है। कुछ शर्तों के साथ डीवीआर (डिफरेंशियल वोटिंग राइट्स वाली इक्विटी प्रतिभूति) अब सूचकांक में शामिल होने के योग्य होगी। आईआईएसएल ने निफ्टी मिडकैप 150, निफ्टी मिडकैप 250, निफ्टी फुल मिडकैप 100 और निफ्टी फुल स्मॉलकैप 100 समेत पांच नए सूचकांक समेत निफ्टी ब्रॉड मार्केट के नए ढांचे की भी घोषणा की है।